ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

पत्रांक: 3009/भाविवि/कुसका/2023 दिनांक : 23 दिसम्बर, 2023

## कार्य परिषद् आकस्मिक बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 23 दिसम्बर, 2023 को प्रातः 11:00 बजे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित सभागार कक्ष में कार्य परिषद् की आकस्मिक बैठक की कार्यवाही :

बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित रहे :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 एन0बी0 सिंह, मा0 कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 जय शंकर प्रसाद पाण्डेय, डिपार्टमेंट ऑफ सोशियोलॉजी, बप्पा श्री नारायन वोकेशनल पी0जी0 कॉलेज (के0के0वी0), चारबाग, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 ललिता राव, (सेवानिवृत्त) बी0एड0 विभाग उदय प्रताप स्वायत्तशासी पी0जी0 कॉलेज, वाराणसी। (ऑनलाइन प्रतिभाग) | सदस्य |
| 4. | प्रो0 सुधांशु पांड्या, डीन एवं डायरेक्टर–स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, स्कूल सी0एस0जे0एम0 यूनिवर्सिटी, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | डॉ0 तल्हीर फातिमा, संकायाध्यक्ष–विज्ञान | सदस्य |
| 6. | प्रो0 मसऊद आलम, संकायाध्यक्ष–कला एवं मानविकी | सदस्य |
| 7. | प्रो0 एहतेशाम अहमद, आचार्य–वाणिज्य सदस्य–अन्य पिछड़ा वर्ग | सदस्य |
| 8. | प्रो0 सौबान सईद, आचार्य–उर्दू सदस्य–अन्य पिछड़ा वर्ग | सदस्य |
| 9. | प्रो0 एस0एस0ए0 अशरफी, आचार्य–उर्दू विभाग। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 चन्दना डे, आचार्य–शिक्षाशास्त्र विभाग | सदस्य |
| 11. | डॉ0 मोहम्मद शारिक, सहायक आचार्य–शारीरिक शिक्षा विभाग | सदस्य |
| 12. | डॉ0 अताउर्रहमान आज़मी, सहायक आचार्य व्यवसाय प्रशासन विभाग | सदस्य |
| 13. | श्री साजिद आज़मी, वित्त अधिकारी (ऑनलाइन प्रतिभाग) | विशिष्ट आमंत्रित |
| 14. | डॉ0 भावना मिश्रा, कुलसचिव | सचिव |

सर्वप्रथम कुलसचिव द्वारा कार्य परिषद् के समस्त उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया तथा अवगत कराया कि माननीय न्यायमूर्ति श्री अनिल कुमार ओझा (से.नि.) अस्वस्थता के कारण कार्य परिषद् की बैठक में प्रतिभाग करने में असमर्थता व्यक्त की है। श्री फौजान अलावी द्वारा एस0एम0एस0 के माध्यम से अवगत कराया गया कि शहर के बाहर होने एवं नेटवर्क समस्या के कारण बैठक में ऑनलाइन रूप से नहीं जुड़ पा रहे हैं। तदोपरान्त माननीय कुलपति जी की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। कार्य परिषद् द्वारा प्रस्तुत कार्यसूची पर निम्नांकित निर्णय लिया गया :–

Bmisha



Scanned with OKEN Scanner

बिन्दु संख्या – 01 :

प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 16–12–2023 में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन प्रदान किये जाने पर विचार।

निर्णय :

कार्य परिषद् द्वारा प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 16–12–2023 में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा प्रो0 सुधांशु पाड्या द्वारा फॉर्मेसी पाठ्यक्रम में प्रवेष बढ़ाये जाने हेतु डिजिटल कम्पेनिंग कराये जाने का परामर्ष दिया गया।

बिन्दु संख्या – 02 :

वित्त समिति की 24वीं बैठक दिनांक 22 दिसम्बर, 2023 में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन प्रदान किये जाने पर विचार।

निर्णय :

कार्य परिषद् द्वारा वित्त समिति की 24वीं बैठक दिनांक 22 दिसम्बर, 2023 में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा बिन्दु संख्या–13 पर विश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत भेषजी संकाय के अन्तर्गत आरम्भ किये जाने किये जाने वाले पाठ्यक्रम–डी0फार्मा0 एवं बी0फार्मा0 (प्रत्येक में 60–60 सीट) से परिषद् द्वारा अवगत होते हुए हर्ष व्यक्त किया गया। भेषजी संकाय में संविदा के आधार पर पी0सी0आई0 की अधिसूचना दिनांक 11 नवम्बर, 2014 के अनुसार निम्नवत् पदों के सृजन पर अनुमोदन प्रदान किया गयाः–

| शैक्षिक सत्र | पाठ्यक्रम | निदेशक/ प्राचार्य/ संस्थान प्रमुख | आचार्य | सह–आचार्य | सहायक आचार्य/ प्रवक्ता |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023–24 (प्रथम वर्ष) | बी0फार्मा0/ डी0फार्मा0 | 01 | 1 | – | 6 |
| 2024–25 (द्वितीय वर्ष) | बी0फार्मा0/ डी0फार्मा0 | | – | 1 | 4 |
| 2025–26 (तृतीय वर्ष) | बी0फार्मा0 | | 2 | 1 | 1 |
| 2026–27 (चतुर्थ वर्ष) | बी0फार्मा0 | | 1 | 2 | 2 |
| | योग | 01 | 4 | 4 | 13 |

अग्रेतर उपरोक्त सृजित पदों पर आवश्यकतानुसार फेज्ड मैनर (Phased Manner) में विज्ञापन कर नियुक्ति प्रक्रिया सम्पन्न किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त के अतिरिक्त भेषजी संकाय में भारतीय भेषजी परिषद् के Standar Inspection Fomat (SIF) के अनुसार शिक्षणेत्तर पदों के सृजित पर अनुमोदन प्रदान किया गयाः–

| Sl. No. | Designation | Required Number | Required Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | Laboratroy /Technician | 1 for each Dept. | D.Pharma |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | Laboratory Assistants/Attenders | 1 for each Dept. (Minimum) | SSLC |
| 3. | Office Superintendent | 1 | Degree |
| 4. | Account | 1 | Degree |
| 5. | Store Keeper | 1 | D.Pharm/Degree |
| 6. | Computer Data Operator | 1 | BCA/Graduate with Computer Course |
| 7. | First Division Assistant | 1 | Degree |
| 8. | Second Division Assistant | 2 | Degree |
| 9. | Peon | 2 | SSLC |
| 10. | Cleaning Personnel | Adequate | -- |
| 11. | Gardener | Adequate | -- |

उपरोक्त सृजित शिक्षणेत्तर श्रेणी के पदों पर समूह 'ग' एवं 'घ' श्रेणी के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वेतन पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य लिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या – 03 :

कैरियर एडवांसमेंट स्कीम योजनान्तर्गत दिनांक 18 एवं 19 दिसम्बर, 2023 को आहूत छानबीन–कम–मूल्यांकन समिति की बैठक में 12 सहायक आचार्यों की प्रोन्नति सम्बन्धी सीलबन्द लिफाफे खोले जाने एवं तदोपरान्त समिति की संस्तुतियों पर अनुमोदन प्रदान किये जाने पर विचार।

निर्णय :

इस बिन्दु पर चर्चा के पूर्व डॉ0 मोहम्मद शारिक, सहायक आचार्य को अध्यक्ष–कार्य परिषद् के निर्देश पर सभा कक्ष से बाहर भेज दिया गया। तदोपरान्त कैरियर एडवांसमेंट स्कीम योजनान्तर्गत दिनांक 18 एवं 19 दिसम्बर, 2023 को आहूत छानबीन–कम–मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी संस्तुतियों के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित 12 सहायक आचार्य की प्रोन्नति पर अनुमोदन प्रदान किया गया:–

| क्रम | शिक्षक का नाम | Stage | Academic Level | अर्हता का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ0 अब्दुल हफ़ीज, सहायक आचार्य–अरबी विभाग | Stage 2 – 3 | 11 – 12 | 18–04–2022 |
| 2. | डॉ0 मज़हर खालिक, सहायक आचार्य–सी0एस0 एण्ड आई0टी0 विभाग | Stage 1 – 2 | 10 - 11 | 22–04–2017 |
| 3. | डॉ0 नीरज शुक्ल, सहायक आचार्य–वाणिज्य विभाग | Stage 2 – 3 | 11 - 12 | 22–04–2022 |
| 4. | डॉ0 मोहम्मद अकमल, सहायक आचार्य–उर्दू विभाग | Stage 2 – 3 | 11 – 12 | 22–04–2022 |
| 5. | डॉ0 वसी अहमद आज़म अन्सारी, सहायक आचार्य– उर्दू विभाग | Stage 2 – 3 | 11 - 12 | 22–04–2022 |
| 6. | डॉ0 पूनम चौधरी, सहायक आचार्य–इतिहास विभाग | Stage 2 – 3 | 11 - 12 | 22–04–2022 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7. | डॉ0 मोहम्मद शारिक, सहायक आचार्य–शारीरिक शिक्षा विभाग | Stage 2 – 3 | 11 - 12 | 29–04–2022 |
| 8. | डॉ0 बुशरा अल्वेरा, सहायक आचार्य–शिक्षाशास्त्र विभाग | Stage 2 – 3 | 11 – 12 | 15–10–2023 |
| 9. | डॉ0 नलिनी मिश्रा, सहायक आचार्य–शिक्षाशास्त्र विभाग | Stage 2 – 3 | 11 - 12 | 10–01–2023 |
| 10. | डॉ0 प्रियंका सूर्यवंशी, सहायक आचार्य–गृह विज्ञान विभाग (वर्तमान में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में सह आचार्य के पद पर कार्यरत।) | Stage 2 – 3 | 11 - 12 | 18–04–2022 |
| 11. | डॉ0 सबीना, सहायक आचार्य–भूगोल विभाग (वर्तमान में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत) | Stage 1 – 2 | 10 - 11 | 22–04–2017 |
| 12. | डॉ0 तनु डंग, सहायक आचार्य–पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग (वर्तमान में गुरू गोविन्द सिंह इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में सह आचार्य के पद पर कार्यरत) | Stage 2 – 3 | 11 - 12 | 01–07–2022 |

<u>बिन्दु संख्या – 04 :</u>

डॉ0 आरिफ अब्बास, निलम्बित सहायक आचार्य–फारसी विभाग तथा डॉ0 सिद्धार्थ सुदीप, सहायक आचार्य द्वारा जॉच समिति की आख्या प्राप्त करने के उपरान्त उनके द्वारा दिये गये अभ्यावेदन पर कार्यवाही किये जाने पर विचार।

<u>निर्णय :</u>

कार्य परिषद द्वारा डॉ0 आरिफ अब्बास निलम्बित सहायक आचार्य – फारसी विभाग तथा डॉ0 सिद्धार्थ सुदीप सहायक आचार्य, उर्दू विभाग द्वारा दिये गये अभ्यावेदन में स्वयं के बचाव हेतु कोई नवीन तथ्य प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण कार्य परिषद् द्वारा विचार विमर्ष करते हुए निम्नवत् निर्णय लिया गयाः

- डॉ0 आरिफ अब्बास का निलम्बन समाप्त करते हुए उनकी बहाली किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। डॉ0 अब्बास पर आरोपित दोष पुष्ट पाये जाने पर माननीय परिषद द्वारा निम्न दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय लिया गया।
  - 3 वेतन वृद्धियों को संचयी प्रभाव से रोका जाना।
  - डा0 ऑरिफ अब्बास के कार्य व्यवहार, आचरण एंव निष्ठा का पॉच वर्षों तक प्रत्येक वर्ष पर्यवेक्षण करने के उपरान्त उक्त दण्ड समाप्त किये जाने पर कार्य परिषद द्वारा पुनर्विचार किया जा सकेगा।
- डा0 सिद्धार्थ सुदीप–
  - एक वर्ष की वेतन वृद्धि अस्थायी रूप से रोका जाना।

Amisha



Scanned with OKEN Scanner

- डा0 सुदीप के कार्य आचरण एवं निष्ठा का पर्यवेक्षण करने के उपरान्त उक्त दण्ड समाप्त किये जाने पर कार्यपरिषद द्वारा पुनर्विचार किया जा सकेगा।

बिन्दु संख्या – 05 :

विश्वविद्यालय कुलगीत की धुन एवं संगीत के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय :

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय कुलगीत की धुन एवं संगीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

अग्रेतर दीक्षान्त समारोह में वितरित किये जाने वाले स्वर्ण पदक, प्रायोजित पदक (तीन) एवं पी0एच0डी0 शोधार्थियों को प्रदान की जाने वाली उपाधियां माननीय कुलाधिपति महोदया की उपस्थिति में मंच से दिये जाने का निर्णय लिया गया। रजत पदक, कांस्य पदक व अन्य प्रशस्ति पत्र आदि मध्यान्ह भोज के उपरान्त वितरित किये जाने का निर्णय र्सवसम्मति से लिया गया।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्य परिषद् की वैठक समाप्त हुयी।

Bmisha

(डॉ0 भावना मिश्रा)
कुलसचिव/सचिव

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष



Scanned with OKEN Scanner